abp न्यूज़

दिल्ली में नकली CPVC पाइप बनाने वाली बड़ी फैक्टी का पर्दाफाश, पुलिस ने मैनेजर को किया गिरफ्तार

Delhi News: अगर आप दिल्ली में घर बना रहे हैं तो उसमें इस्तेमाल होने वाले पाइप की जांच जरूर कर ले क्योंकि दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में नकली सीपीवीसी पाइप बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. दिल्ली पुलिस द्वारा फैक्ट्री पर छापेमारी के दौरान आशीर्वाद, एस्ट्रल ,सुप्रीम और प्रिंस जैसी नामी ब्रांड के नाम पर तैयार किए की जा रही नकली पाइप को भारी मात्रा में बरामद किया है.
दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 6520 नकली पाइप और 1438 एल्बो बरामद किया है. साथ ही दिल्ली पुलिस ने इन पाइप पर ब्रांडिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली डाई और एक प्रिंटिंग मशीन को भी जब्त किया है.

दिल्ली पुलिस को मिली थी अहम जानकारी
दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक गुप्त सूचना मिलने के बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया.दिल्ली पुलिस के द्वारा की गई छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में मौजूद मैनेजर प्राभ दीप सिंह को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया .और उसके खिलाफ BNS की धारा 318 और कॉपीराइट एक्ट की धारा 63 के तहत मामला दर्ज कर लिया .

Source: https://www.abplive.com/states/delhi-ncr/delhi-police-busted-fake-factory-manufacturing-cpvc-pipes-crime-branch-arrested-manager-ann-2954297#google_vignette